संदेश

हमारे संविधान निर्माता एवं अग्रणी राष्ट्रनिर्माताओं में से एक विभूति बाबासाहब भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत और बहुमुखी प्रतिभा के धनी, बाबासाहब ने एक कानूनविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज-सुधारक और राजनेता के रूप में हमारे देश और समाज को अप्रतिम योगदान दिया। संवैधानिक व्यवस्था में उनका दृढ़ विश्वास आज भी हमारे लोकतंत्र व सुशासन का मूल आधार है। दलित समाज के उत्थान के लिए वे आजीवन संघर्ष करते रहे और समतावादी समाज की स्थापना के लिए समर्पित रहे।

आइए, इस अवसर पर हम सब डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाएं एवं समावेशी विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

****